Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 10 रायपुर, सोमवार 2 फरवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

ब्रेकिंग न्यूज

मणिपुर में सरकार गठन की तैयारी तेज, दिल्ली में एनडीए की बैठक; 12 फरवरी को खत्म हो रहा राष्ट्रपति शासन

नई दिल्ली, 2 फरवरी (न्यूज चैनल)। मणिपुर में सरकार गठन को लेकर हलचल तेज हो गई है। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने मणिपुर के सभी एनडीए विधायकों को दिल्ली बुलाया है। जानकारी के मुताबिक आज 2 फरवरी को दोपहर 2 बजे से पहले सभी विधायकों को राजधानी दिल्ली में उपस्थित रहने के लिए कहा गया था। ऐसे में सभी विधायक 1 फरवरी को ही मणिपुर से दिल्ली के लिए रवाना हो गए थे। मणिपुर भाजपा के 20 से अधिक विधायक, राज्य इकाई के अध्यक्ष सहित पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के साथ बैठक में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली पहुंच गए हैं। इससे पहले मणिपुर भाजपा अध्यक्ष अधिराजमायुम शारदा देवी ने इंफाल हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा, एनडीए के सभी विधायकों को बुलाया गया है। हमें उम्मीद और विश्वास है कि जनता की सरकार बनेगी। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा, चूंकि एनडीए सहयोगी दलों के सभी विधायकों को बैठक के लिए आमंत्रित किया जा रहा है, इसलिए मुझे सकारात्मक परिणाम की उम्मीद है। इससे पहले भाजपा के सभी विधायकों की बैठक हुई थी। राष्ट्रपति शासन का कार्यकाल 12 फरवरी को समाप्त हो रहा है। आइए सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद करें। जब उनसे पूछा गया कि अगर वे सत्ता में होते तो क्या हालात अलग होते, जिस पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा, सरकार एक सतत प्रक्रिया है। मैंने मणिपुर के परिदृश्य को बदलने की पूरी कोशिश की। पहाड़ियों और घाटियों दोनों में काफी बदलाव हुए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- केंद्र ट्रिब्यूनल गठित करे; तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच है विवाद

नई दिल्ली, 2 फरवरी (न्यूज चैनल)। देश की सर्वोच्च अदालत ने केंद्र सरकार को आदेश दिया है कि पेन्नैयार नदी के जल विवाद के लिए एक महीने के अंदर ट्रिब्यूनल (न्यायाधिकरण) गठित की जाए। बता दें कि यह विवाद तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच पेन्नैयार नदी के पानी के बंटवारे को लेकर है। तमिलनाडु सरकार ने 2018 में केस दायर किया और आरोप लगाया कि कर्नाटक पेन्नैयार नदी पर चेक डैम, पानी मोड़ने की संरचनाएं (डायवर्जन) बना रहा है, इससे तमिलनाडु को मिलने वाला पानी प्रभावित हो रहा है। मामले में तमिलनाडु सरकार का कहना है कि अंतर-राज्यीय नदी का पानी राष्ट्रीय संपत्ति होती है। इस पर किसी एक राज्य की निजी मिल्कियत नहीं है। ऐसे मामले में कोई भी राज्य अकेले फैसले लेकर दूसरे राज्य का हक नहीं छीन सकता। इस मामले पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार को अब और देर नहीं करनी चाहिए। इसके साथ ही कोर्ट ने निर्देश दिया कि इस मामले में ऑफिशियल गजट में नोटिफिकेशन जारी हो और एक महीने में जल विवाद ट्रिब्यूनल बने। नदी के जल विवाद पर ट्रिब्यूनल बनने के बाद सुनवाई शुरू होगी, सबूत और रिपोर्ट्स आएंगी। हालांकि इस पर अंतिम फैसला आने में समय लग सकता है। वहीं इस पूरे मामले में सुप्रीम कोर्ट का विस्तृत फैसला अभी आना बाकी है।

यूपी सरकार का बड़ा फैसलाः 68 हजार कर्मचारियों की सैलरी रोकी, तो कर्मी जिन्होंने नहीं किया ये काम

नई दिल्ली, 2 फरवरी (न्यूज चैनल)। यूपी सरकार ने 68 हजार से ज्यादा राज्य कर्मचारियों की सैलरी फिलहाल रोक दी है। ये वो कर्मचारी हैं, जिन्होंने अपनी प्रॉपर्टी की जानकारी मानव संपदा पोर्टल अपलोड नहीं की है। दरअसल, कुछ दिन पहले प्रदेश सरकार ने मानव संपदा पोर्टल पर राज्य कर्मियों के चल-अचल संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन करना अनिवार्य कर दिया था। प्रदेश में आठ लाख से अधिक राज्य कर्मचारी हैं। आदेश में कहा गया था कि 31 दिसंबर 2025 तक अर्जित सभी चल-अचल संपत्तियों का ब्योरा 31 जनवरी 2026 तक पोर्टल पर ऑनलाइन देना होगा। अगर नहीं दिया तो फरवरी में जनवरी माह का वेतन नहीं मिलेगा।

चूहा- सुनती हो, केंद्र सरकार के बजट में कुछ भी नया घोषणा नहीं है।
चुहिया- हां जी, अब तो 25 करोड़ लोग और गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैंन।

राहुल ने कहा- चीन के चार टैंक डोकलाम आ रहे थे; राजनाथ बोले- जिस किताब का आप जिक्र कर रहे, वह अप्रकाशित

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा, पीएम मोदी सदन में मौजूद

नई दिल्ली, 2 फरवरी (न्यूज चैनल)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे की किताब का उल्लेख किया, जिस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। स्पीकर ओम बिरला ने भी सदन की परंपरा और नियमों का उल्लेख करते हुए राहुल को आगाह किया कि लोकसभा में ऐसे किसी भी तथ्य का उल्लेख नहीं किया जा सकता, जिसका प्रकाशन नहीं हुआ है। राहुल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा ले रहे थे।

इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर आपत्ति जताई और कहा कि राहुल गांधी सदन को गुमराह ना करें। राहुल गांधी ने सदन में एक अप्रकाशित किताब के कोट्स का हवाला दिया, जो सदन के नियमों के खिलाफ है। जिस पर राहुल गांधी ने कहा कि उनका सोर्स भरोसेमंद है और इसमें एक पूर्व आर्मी जनरल के अप्रकाशित संस्मरणों के कोट्स शामिल हैं। इस दौरान स्पीकर ओम बिरला ने राहुल गांधी से नियमों का पालन करने की अपील की। ओम बिरला ने कहा कि नियमों और परंपरा से संसद चलना चाहिए।

राहुल गांधी के बोलते ही संसद में हंगामा

दरअसल, लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राहुल गांधी के भाषण के शुरू होते ही हंगामा हो गया। राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत में कहा कि पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की किताब है। आप सब ध्यान से सुनें कि मैं क्या पढ़ रहा हूं? इससे पता चल जाएगा कि कौन देशभक्त है और कौन नहीं। बस इसी के साथ संसद में जोरदार हंगामा शुरू हो गया। राहुल गांधी ने अपने भाषण में फिर आगे कहा कि चार चीनी टैंक डोकलाम में भारत की धरती पर आ रहे थे। वो 100 मीटर ही दूर थे। राहुल के बस इतना बोलते ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आपत्ति जताई और अपनी सीट से राजनाथ सिंह ने खड़े होकर हस्तक्षेप किया और बोले कि अप्रकाशित पुस्तक का सदन में जिक्र नहीं किया जाता। उन्होंने अपने बयान में कहा कि राहुल गांधी सदन को गुमराह कर रहे हैं।

राहुल के समर्थन में आए अखिलेश

लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, %मैं चाहता हूं कि लोकसभा में विपक्ष के नेता (राहुल गांधी) वह किताब सदन के सामने पेश करें, जिससे वह कोट कर रहे हैं, क्योंकि जिस किताब का वह जिक्र कर रहे हैं, वह पब्लिश नहीं हुई है। इसके बाद चीन के संदर्भ में बोल रहे राहुल गांधी के समर्थन में बोलते हुए सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा, %चीन से जुड़ा मामला बहुत संवेदनशील है। लोकसभा में विपक्ष के नेता को बोलने की अनुमति दी जानी चाहिए। इस बीच लोकसभा में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री ने कहा, %स्पीकर ने फैसला दिया है कि मैगजीन या अखबारों के आर्टिकल को सदन में कोट नहीं किया जा सकता। सदन में बहस कानूनों के हिसाब से होनी चाहिए।%

सरकार किस बात से घबरा रही: राहुल गांधी

इस दौरान रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री की लगातार आपत्ति के बीच राहुल गांधी ने सरकार को घेरा और कहा कि आखिर सरकार किस बात से घबरा रही है। राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा, 'ये डरे हुए हैं, मुझे बोलने नहीं दे रहे। मुझे समझ नहीं आ रहा कि कहते हैं कि ये आतंकवाद से लड़ते हैं। लेकिन एक कोट से डरते हैं। इसमें ऐसा क्या है जो इतना डर रहे हैं। घबरा रहे हैं। ये डरे नहीं हैं तो मुझे बोलने दें। वे डर क्यों रहे हैं।'

सुरक्षा बलों ने जंगल में छिपा रखा नक्सलियों का बड़ा डंप किया बरामद, प्रेशर कुकर आईईडी मौके पर किया नष्ट

नारायणपुर, 2 फरवरी (हाईवे चैनल)। घोर नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता हासिल करते हुए नक्सलियों का विशाल डंप बरामद किया है. आईटीबीपी की बीडीएस टीम ने सर्च के दौरान मिले प्रेशर कुकर आईईडी को मौके पर ही सुरक्षित तरीके से नष्ट किया। नारायणपुर पुलिस, डीआरजी और 53वीं वाहिनी आईटीबीपी ने ग्राम मडोड़ा से भोटोर के बीच ज्वाइंट सर्च ऑपरेशन चलाया, इसमें घने जंगलों में छिपाकर रखा गया नक्सली डंप बरामद किया. इसमें भारी मात्रा में डेटोनेटर, ड्रम, राशन और दैनिक उपयोग की सामग्री मिली।

लकड़ी लेने गए बुजुर्ग को हाथी ने उतारा मौत के घाट, इलाके में 100 से अधिक हाथी मौजूद, दहशत में ग्रामीण

रायगढ़, 2 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है. धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल रेंज अंतर्गत ग्राम चुहकीमार में एक जंगली हाथी के हमले से बुजुर्ग ग्रामीण की दर्दनाक मौत हो गई. घटना के बाद से पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है और ग्रामीणों के बीच भारी दहशत देखी जा रही है. सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और हाथी मित्र दल मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने में जुट गए हैं. मृतक की पहचान 70 वर्षीय गंगाराम सारथी के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, गंगाराम रोजाना की तरह सुबह करीब 10 बजे लकड़ी लेने के लिए जंगल गया हुआ था. दोपहर लगभग ढाई बजे के आसपास जंगल में उसका सामना एक विशालकाय हाथी से हो गया।

दुबई में फंसे झारखंड के 14 प्रवासी मजदूर, वेतन न मिलने का आरोप; सरकार से सुरक्षित वापसी की गुहार

नई दिल्ली, 2 फरवरी (न्यूज चैनल)। झारखंड के विभिन्न जिलों से दुबई गए 14 प्रवासी मजदूर कथित तौर पर वेतन न मिलने और अतिरिक्त काम कराने के दबाव के कारण गंभीर मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। इन मजदूरों ने राज्य सरकार से सुरक्षित स्वदेश वापसी की अपील की है। यह जानकारी राज्य प्रवासी नियंत्रण सेल की टीम लीडर शिखा लकड़ा ने दी है।

अधिकारियों के अनुसार, ये मजदूर गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिलों के निवासी हैं। मजदूरों ने एक वीडियो भेजकर अपनी स्थिति साझा की है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि संबंधित निजी कंपनी ने उन्हें तीन महीने से वेतन नहीं दिया है और ओवरटाइम काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इससे उन्हें रहने और खाने तक की समस्या हो रही है।

शिखा लकड़ा ने बताया कि फंसे हुए मजदूरों ने अपनी व्यथा का वीडियो सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली को भेजा, जो प्रवासी मजदूरों के कल्याण के लिए काम करते हैं। वीडियो में मजदूरों ने सरकार से मदद की अपील की है। राज्य प्रवासी नियंत्रण सेल अब मजदूरों से संपर्क कर उनके दस्तावेजों का सत्यापन कर रहा है। अधिकारी ने कहा कि सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भारतीय दूतावास और यूएई सरकार के अधिकारियों से बातचीत शुरू की जाएगी, ताकि मजदूरों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जा सके। राज्य सरकार इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने की तैयारी कर रही है।

अवैध रेत खनन रोकने गए नायब तहसीलदार को ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश

बिलासपुर, 2 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से अवैध रेत उत्खनन रोकने गए नायब तहसीलदार पर चालक ने ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश का मामला सामने आया है. राजस्व अधिकारी के आवेदन के आधार पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्रवाई की है. कार्रवाई में ट्रैक्टर व रेत को जब्त नहीं किया गया है. घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है. ग्राम गढ़वट, सरवनदेवरी और खैरखंडी में रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन जोरों पर चल रहा है।

आरोपी गिरफ्तार

जानकारी के मुताबिक, रविवार को नायब तहसीलदार राहुल साहू कार्रवाई करने ग्राम गढ़वट गए हुए थे. इसी दौरान रेत से भरे ट्रैक्टर को रोका तो ड्राइवर खैरखंडी निवासी रितुराज सिंह ने आधी रेत को नदी में ही खाली कर दिया और ट्रैक्टर लेकर भागने लगा. नायब तहसीलदार ने रोकने के लिए कहा तो ड्राइवर ने उनपर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया. साहू ने कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई. इसके बाद ड्राइवर ट्रैक्टर लेकर तेजी से बस्ती की ओर भाग निकला. मामले में नायब तहसीलदार ने पुलिस को आवेदन दिया. इसके आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की।

दुर्ग गैंगरेप केस, 6 आरोपियों में से तीसरा गिरफ्तार

दुर्ग, 2 फरवरी (हाईवे चैनल)। जिले में गैंगरेप मामले में रविवार को एक और आरोपी को अरेस्ट किया गया है। इस मामले में अब तक कुल 3 आरोपियों को गिरफ्तारी हो चुकी है। जबकि 3 अन्य आरोपी की तलाश जारी है। फरार आरोपियों में हाईप्रोफाइल लोग शामिल बताए जा रहे हैं। मामला महिला थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, नाबालिग अवस्था में शुरू हुआ रेप का सिलसिला बालिग होने तक जारी रहा। 6 आरोपियों ने पीडब्ल्यूडी में नौकरी लगाने का झांसा देकर 8 साल तक लगातार बारी-बारी रेप किया। लेकिन पीड़िता की नौकरी नहीं लगी, जिसके बाद उसने रिपोर्ट दर्ज कराई। दरअसल, पीड़िता 30 जनवरी को अपनी मां के साथ महिला थाना, दुर्ग पहुंची थी। उसने लिखित आवेदन देकर बताया कि अप्रैल 2018 से अक्टूबर 2025 के बीच, नाबालिग होने की जानकारी होने के बावजूद 6 लोगों ने अलग-अलग समय पर रेप और गैंगरेप किया।

आरोपियों ने पहले नौकरी दिलाने का झांसा दिया और फिर लगातार उसका शोषण किया। आरोप है कि लंबे समय तक चले इस अपराध से वह मानसिक और शारीरिक रूप से गंभीर रूप से प्रभावित रही। शिकायत के अनुसार, नाबालिग के साथ पहली बार 14 साल की उम्र में रेप हुआ था। इसके बाद यह सिलसिला लगातार चलता रहा। आरोपियों ने नौकरी दिलाने का लालच देकर एक के बाद एक पीड़िता के साथ रेप किया। कई बार गैंगरेप की वारदात को भी अंजाम दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(1), 70(2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 6, 12 के तहत केस दर्ज किया।

बहन नोरीन ख़ान की चेतावनी अगर इमरान ख़ान की आँख को नुकसान पहुंचा, तो कोई सुरक्षित नहीं रहेगा

नई दिल्ली, 2 फरवरी (न्यूज चैनल)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान ख़ान अब भी जेल में बंद हैं। इस बीच, रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वह सेंट्रल रेटिनल वेन ओक्लूज़न (जिसे आम भाषा में आई स्ट्रोक कहा जाता है) से पीड़ित हैं। यदि समय पर इलाज न हुआ, तो इससे उनकी दृष्टि को स्थायी नुकसान पहुंच सकता है। इमरान ख़ान की बहन नोरीन ख़ान ने सिर्फ़ अपने भाई की रिहाई के लिए संघर्ष कर रही हैं, बल्कि अपने बेटे के लिए भी, जो वर्ष 2023 से जेल में बंद है। नोरीन ख़ान ने बताया कि पिछले महीने इमरान ख़ान की जेल के बाहर हुए धरने के दौरान उन्हें बालों से घसीटा गया और वह बेहोश हो गई थीं।

उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें लगातार धमकियाँ मिल रही हैं। इसी सप्ताह उन्होंने सैन्य प्रतिष्ठान को एक अंतिम चेतावनी देते हुए कहा- अगर इमरान ख़ान की आँख को ज़रा सा भी नुकसान पहुँचा, तो फिर किसी और की आँख भी सुरक्षित नहीं रहेगी। इंटरव्यू में नोरीन ख़ान ने अपने परिवार के कथित राजनीतिक उत्पीड़न के साथ-साथ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ के सैकड़ों कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी और कथित यातनाओं पर भी बात की। उन्होंने पीटीआई सदस्य सामी वज़ीर का उदाहरण दिया, जो जेल से बाहर आने के बाद गंभीर शारीरिक चोटों, सर्जरी के निशानों और मानसिक आघात से जूझते पाए गए।

एफआईआर करवाने वालों से मारपीट के 3 आरोपी गिरफ्तार

राजिम, 2 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के राजिम के दुतकैया गांव में रविवार को उपद्रव हुआ. मूर्ति क्षतिग्रस्त करने के पुराने विवाद में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ है. भीड़ ने घर-कार में आगजनी और घरों में घुसकर लोगों से मारपीट की, जिसके बाद स्थिति बिगड़ते देख भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया. इलाके में कर्फ्यू जैसे हालात बन गए. इस बीच मौके पर एसपी और आईजी मौके पर पहुंचे. हिंसा भड़काने वाले तीन आरोपियों को रविवार देर रात ही गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस पर पत्थरबाजी करने वालों की पहचान की जा रही है. फिलहाल इलाके में सन्नाटा पसरा है. लोगों में गांव अभी भी भारी पुलिस मौजूद है. बाहरी लोगों के आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। दरअसल, मामला साल 2024 के अप्रैल में गांव में स्थापित शिवलिंग को क्षतिग्रस्त करने से जुड़ा है. पुलिस ने आरोपी आरिफ खान को जेल भेज दिया था. हाल ही में वह जेल से छूटकर आया था. जानकारी के अनुसार, हमलावरों ने चुन-चुनकर रास्ते से गुजर रहे युवकों पर प्रहार किया. सबसे पहले सब-स्टेशन में ड्यूटी कर रहे अरविंद साहू के सिर पर प्राणघातक हमला किया गया. हमले का सिलसिला यहीं नहीं रुका. राजिम मेला जा रहे नरेंद्र साहू के हाथ पर वार किया गया, जबकि रेखु यादव की भुजा पर हुए प्रहार से हड्डी फ्रैक्चर होने की आशंका है. इसके अलावा परमानंद साहू के साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों ने गांव के तीन लोगों को करीब चार घंटे तक पीटा. बात गांव में फैली, तो ग्रामीणों का भी गुस्सा भड़क उठा. ग्रामीण आरोपियों के घर पहुंचे।

■ इलाके में अभी भी कर्फ्यू जैसे हालात, लोगों में दहशत का माहौल